रजिस्ट्री सं. डीएल—33001/2003 REGISTERED No. DL—33001/2003

सत्यमेव जयते

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

साप्ताहिक/WEEKLY

प्राधिकार से प्रकाशित

PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 26] नई दिल्ली, शनिवार, जून 28, 2003 (आषाढ़ 7, 1925)

No. 26] NEW DELHI, SATURDAY, JUNE 28, 2003 (ASADHA 7, 1925)

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके।

(Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation)

भाग III—खण्ड 4

[PART III—SECTION 4]

[सांविधिक निकायों द्वारा जारी की गई विविध अधिसूचनाएं जिसमें कि आदेश, विज्ञापन और सूचनाएं सम्मिलित हैं]

[Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies]

भारतीय स्टेट बैंक

सहयोगी एवं अनुषंगी समूह

मुंबई, दिनांक 17 जून 2003

सं. एसबीडी क्र. 2/2003--एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भारतीय स्टेट बैंक (समनुषंगी बैंक) अधिनियम 1959 की धारा 25 की उप धारा (1) के खंड (ग) के अनुसार भारत सरकार तथा भारतीय रिज़र्व बैंक के साथ विचार विमर्श के बाद भारतीय स्टेट बैंक डा. सुशीला राव के स्थान पर श्री एस. सूर्यनारायन, हाउस नं. 1-11-212/3, फ्लैट नं. 102, लेन नं. 2, स्ट्रीट नं. 4, गुरुमूर्ति लेन, अन्नपूर्णा प्रभात कुसुम काम्प्लेक्स, प्रकाश नगर टेलीफ़ोन एक्सचेंज के पास, बेगमपेट, हैदराबाद-500 016 को स्टेट बैंक ऑफ हैदराबाद के निदेशक मंडल में निदेशक के रूप में तीन वर्ष की अवधि अर्थात् दिनांक 20 जून 2003 से 19 जून 2006 (दोनों दिन सम्मिलित) तक के लिए नामित करता है।

ए. के. पुरवार
अध्यक्ष

एसबीडी.क्र. 3 / 2003

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भारतीय स्टेट बैंक (समनुषंगी बैंक) अधिनियम 1959 की धारा 25 की उप धारा (1) के खंड (ग) के अनुसार भारत सरकार तथा भारतीय रिज़र्व बैंक के साथ विचार विमर्श के बाद भारतीय स्टेट बैंक डा. के.पी. रामा प्रसन्ना के स्थान पर डा. एम. महादेव, एसोसिएट प्रोफेसर, इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल एंड इकॉनॉमिक चेंज (आईएसईसी), बेंगलूर - 560 072 को स्टेट बैंक ऑफ मैसूर के निदेशक मंडल में निदेशक के रूप में तीन वर्ष की अवधि अर्थात् दिनांक 20 जून 2003 से 19 जून 2006 (दोनों दिन सम्मिलित) तक के लिए नामित करता है ।

(ए.के. पुरवार)

अ ध्य क्ष

एसबीडी.क्र. 4 / 2003

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भारतीय स्टेट बैंक (समनुषंगी बैंक) अधिनियम 1959 की धारा 25 की उप धारा (1) के खंड (ग) के अनुसार भारत सरकार तथा भारतीय रिज़र्व बैंक के साथ विचार विमर्श के बाद भारतीय स्टेट बैंक श्री बी.पी. राव के स्थान पर श्री नानू आर. मल्लया, नं. 5, सिल्वर पार्क रोड, फोर्थ क्रास, मल्लेस्वरम, बेंगलूर - 560 003 को स्टेट बैंक ऑफ मैसूर के निदेशक मंडल में निदेशक के रूप में तीन वर्ष की अवधि अर्थात् दिनांक 20 जून 2003 से 19 जून 2006 (दोनों दिन सम्मिलित) तक के लिए नामित करता है ।

(ए.के. पुरवार)

अ ध्य क्ष

एसबीडी.क्र. 5/ 2003

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भारतीय स्टेट बैंक (समनुषंगी बैंक) अधिनियम 1959 की धारा 25 की उप धारा (1) के खंड (ग) के अनुसार भारत सरकार तथा भारतीय रिज़र्व बैंक के साथ विचार विमर्श के बाद भारतीय स्टेट बैंक श्री ए.एस.एन. मूर्ति के स्थान पर श्री वी.विनोद कामथ, फ्लैट नं.ए-1, इन्द्रधनुष अपार्टमेंट, टी.डी.रोड, कोचि - 682 035 को स्टेट बैंक ऑफ त्रावणकोर के निदेशक मंडल में निदेशक के रूप में तीन वर्ष की अवधि अर्थात् दिनांक 20 जून 2003 से 19 जून 2006 (दोनों दिन सम्मिलित) तक के लिए नामित करता है ।

(ए.के. पुरवार)

अ ध्य क्ष

एसबीडी.क्र. 6 / 2003

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भारतीय स्टेट बैंक (समनुषंगी बैंक) अधिनियम 1959 की धारा 25 की उप धारा (1) के खंड (ग) के अनुसार भारत सरकार तथा भारतीय रिज़र्व बैंक के साथ विचार विमर्श के बाद भारतीय स्टेट बैंक श्री वी.के. माधव मोहन के स्थान पर प्रो. वी.एन. राजशेखरन पिल्लै, कार्यपालक निदेशक, नेशनल असेसमेन्ट एण्ड एक्रिडिटेशन काउंसिल (एन.ए.ए.सी.), 2/4, डा. राजकुमार रोड, पी.ओ. बाक्स नं. 1075, राजाजी नगर, बेंगलूर - 560 010 को स्टेट बैंक ऑफ त्रावणकोर के निदेशक मंडल में निदेशक के रूप में तीन वर्ष की अवधि अर्थात् दिनांक 20 जून 2003 से 19 जून 2006 (दोनों दिन सम्मिलित) तक के लिए नामित करता है ।

(ए.के. पुरवार)

अ ध्य क्ष

सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया
केन्द्रीय कार्यालय,

मुम्बई -400021

सं. केका:कार्मिक:औसंनी:2003-04 :212 बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम, 1970 (1970 का 5) की धारा 12 की उप-धारा 2 के साथ पठित, धारा 19 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया का निदेशक मण्डल, भारतीय रिज़र्व बैंक से परामर्श करके तथा केन्द्र सरकार की पूर्व मंजूरी से सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया (अधिकारी) सेवा विनियमों में संशोधन करके एतद्द्वारा निम्नलिखित विनियम बनाता है, अर्थात्:-

1. (1) ये विनियम सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया (अधिकारी) सेवा (संशोधन) विनियम, 2003 कहलाएंगे।

(2) इन विनियमों में अन्यथा उपलब्ध को छोड़कर, ये सरकारी राजपत्र में अपने प्रकाशन की तारीख से लागू होंगे।

2. सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया (अधिकारी) सेवा विनियम, 1979 में,

(i) विनियम 4 में, उप-विनियम (3) के लिए, निम्नलिखित उप-विनियम प्रतिस्थापित किए जाएंगे, अर्थात्:-

"(3)" 1 अप्रैल, 1998 से, प्रत्येक श्रेणी के सामने उल्लिखित वेतनमान निम्नलिखित अनुसार होगा :-

(क) उच्च कार्यपालक श्रेणी

वेतनमान VII रु.19340-420-20180-520-20700-600-21300
2 1 1

वेतनमान VI रु.17660-420-19340
4

(ख) वरिष्ठ प्रबंधन श्रेणी

वेतनमान V रु.16140-380-17660
4

वेतनमान IV रु.13900-340-14240-380-16140
1 5

(ग) मध्य प्रबंधन श्रेणी

वेतनमान III रु.12540-340-14240-380-15000
5 2

वेतनमान II रु.9820-340-13560
11

(घ) कनिष्ठ प्रबंधन श्रेणी

वेतनमान I रु.7100-340-12540
16

टिप्पणी :

31.3.1998 को लागू वेतनमानों द्वारा शासित होने वाले प्रत्येक अधिकारी का नियतन 1.4.1998 को इस उप-विनियम में निर्धारित वेतनमान में प्रक्रम-दर-प्रक्रम आधार पर किया जाएगा, अर्थात् पहले प्रक्रम से तदनुरूपी प्रक्रमों पर और वेतनवृद्धियाँ, अन्यथा उपबन्धित को छोड़कर, सामान्यतया अधिवर्षिता तारीख को होंगी।

(4) उप-विनियम (1), (2) और (3) की किसी बात का यह अर्थ नहीं लगाया जाएगा कि बैंक के लिए हर समय इन सभी श्रेणियों में अधिकारी रखना अपेक्षित है।

(ii) विनियम 5 के लिए, निम्नलिखित विनियम प्रतिस्थापित किया जाएगा, अर्थात्:-

"5. **वेतनवृद्धियां** : विनियम 4 के उप-विनियम (3) के उपबंधों के अधीन, 1.4.1998 को और उस तारीख से, वेतनवृद्धियां निम्नलिखित उप-खंडों के अधीन मंजूर की जाएंगी :-

(क) विनियम 4 में उपवर्णित वेतनमानों में विनिर्दिष्ट वेतनवृद्धियां, सक्षम प्राधिकारी की मंजूरी के अध्यधीन वार्षिक आधार पर प्रोद्भूत होंगी और वे जिस महीने में देय होती हैं उस महीने की पहली तारीख को दी जाएंगी।

(ख) वेतनमान I और II के अधिकारियों को, अपने सम्बन्धित वेतनमानों के अधिकतम पर पहुंचने के एक वर्ष पश्चात्, अगले उच्च वेतनमान में अवरोध वेतनवृद्धि(यों) सहित आगे की वेतनवृद्धियां नीचे (ग) में विनिर्दिष्ट आधार पर दी जाएंगी, बशर्ते कि वे दक्षतारोध को पार कर लें।

(ग) ऊपर (ख) में उल्लिखित अधिकारियों सहित, मध्य प्रबंधन श्रेणी वेतनमान II तथा III के अधिकतम पर पहुंचने वाले अधिकारियों को, यथास्थिति, वेतनमान II तथा III के अंतिम प्रक्रम पर पहुंचने के पश्चात् प्रत्येक 3 वर्षों की सेवा पूरी होने पर अवरोध वेतनवृद्धि(यां) दी जाएगी/जाएंगी। वेतनमान II के अंतिम प्रक्रम पर पहुंच चुके अधिकारियों के मामले में रु.340/- की अधिक से अधिक दो वेतनवृद्धियां दी जाएंगी तथा वेतनमान III के अंतिम प्रक्रम के अधिकारियों के मामले में रु.380/- की एक वेतनवृद्धि दी जाएगी।

परंतु 01.11.1994 को और उसके बाद से, मूल वेतनमान III के अधिकारियों को अर्थात् जो वेतनमान III में भरती या पदोन्नत हुए हैं, दूसरी अवरोध वेतनवृद्धि पहली अवरोध वेतनवृद्धि पाने के तीन वर्ष पश्चात् प्रदान की जाएगी।

टिप्पणी :

अगले उच्चतर वेतनमान में की गई ऐसी वेतनवृद्धियों को पदोन्नति नहीं माना जाएगा। ऐसी वेतनवृद्धियां पाने के पश्चात् भी अधिकारी को, यथास्थिति, उसके अपने मूल पद के वेतनमान II तथा III के ही विशेषाधिकार, परिलब्धियां, ड्यूटी, उत्तरदायित्व अथवा पद मिलेंगे।

(2) सीएआइआइबी का भाग I/भारतीय बैंकर संस्थान की जूनियर एसोसिएट तथा भाग II/भारतीय बैंकर संस्थान की प्रमाणपत्रित एसोसिएट परीक्षा उत्तीर्ण करने पर वेतनमान में एक अतिरिक्त वेतनवृद्धि प्रदान की जाएगी।

स्पष्टीकरण

(क) जिस अधिकारी ने नियत तारीख से पहले अधिकारी के रूप में भारतीय बैंकर संस्थान की प्रमाणपत्रित एसोसिएट (सी.ए.आई.आई.बी.) परीक्षा का भाग I या भाग II उत्तीर्ण कर लिया हो, उसे नियत तारीख से, यथास्थिति, अतिरिक्त वेतनवृद्धि अथवा वेतनवृद्धियां दी जाएंगी, बशर्ते कि उसने उक्त परीक्षा के दोनों भाग उत्तीर्ण करने पर कोई

वेतनवृद्धि न ली हो अथवा केवल एक वेतनवृद्धि ली हो।

(ख) 01.11.1987 को तथा उसके बाद से, वेतनमान के अधिकतम पर पहुंचने वाले अथवा पहुंच चुके ऐसे अधिकारियों को जो पदोन्नति पाए बिना और आगे नहीं जा सकते, सरकारी दिशानिर्देशों के अधीन, यदि कोई हों, सी.ए.आई.आई.बी. परीक्षा उत्तीर्ण करने के फलस्वरूप अतिरिक्त वेतनवृद्धियों के स्थान पर निम्नानुसार व्यावसायिक अर्हता भत्ता दिया जाएगा:

जिन्होंने सी.ए.आई.आई.बी. का केवल भाग I उत्तीर्ण किया है	(I) एक वर्ष पश्चात् रु.100/- प्रति माह जिसमें से रु.75/- अधिवर्षिता लाभ के लिए गिने जाएंगे।
जिन्होंने सी.ए.आई.आई.बी. के दोनों भाग उत्तीर्ण कर लिए हैं	(I) एक वर्ष पश्चात् रु.100/- प्रति माह जिसमें से रु.75/-अधिवर्षिता लाभ के लिए गिने जाएंगे।
	(II) दो वर्ष पश्चात् रु.250/- प्रति माह जिसमें से रु.200/- अधिवर्षिता लाभ के लिए गिने जाएंगे।

(ग) 1.11.1994 को तथा उसके बाद से, अन्य बातें समान होने पर, व्यावसायिक अर्हता भत्ते की मात्रा निम्नानुसार पुनरीक्षित रहेंगी :

जिन्होंने सी.ए.आई.आई बी. का केवल भाग I उत्तीर्ण किया है	(I) वेतनमान के अधिकतम पर पहुंचने के एक वर्ष पश्चात् रु.120/- प्रति माह।
जिन्होंने सी.ए.आई.आई.बी. दोनों भाग उत्तीर्ण कर लिए हैं	(I) वेतनमान के अधिकतम पर पहुंचने के एक वर्ष पश्चात् रु.120/- प्रति माह। (ii) वेतनमान के अधिकतम पर पहुंचने के दो वर्ष पश्चात् रु.300/- प्रति माह।

परंतु, विनियम 5(3) (ख) के अनुसार नियत वैयक्तिक भत्ता प्राप्त करने के पात्र अधिकारी, व्यावसायिक अर्हता भत्ता, यथास्थिति, क्रमशः भाग I या II के लिए ऐसा नियत वैयक्तिक भत्ता पाने के एक/दो वर्ष पश्चात् प्राप्त कर सकेंगे।

(घ) 1.11.1999 को और उसके बाद से, अन्य बातें समान होने पर, व्यावसायिक अर्हता भुगतान की मात्रा निम्नानुसार पुनरीक्षित रहेंगी:

जिन्होंने जे.ए.आई.आई.बी. या सी ए आई आई बी का भाग I उत्तीर्ण किया है	(I) वेतनमान के अधिकतम पर पहुंचने के एक वर्ष पश्चात् रु.150/- प्रतिमाह।
जिन्होंने जे.ए.आई.आई.बी. और सी ए आई आई बी या सी ए आई आई बी के दोनों भाग उत्तीर्ण कर लिए हैं	(I) वेतनमान के अधिकतम पर पहुंचने के के एक वर्ष पश्चात् रु.150/- प्रतिमाह। (II) वेतनमान के अधिकतम पर पहुंचने के दो वर्ष पश्चात् रु.360/- प्रतिमाह।

परंतु, जो अधिकारी वेतनमान I और वेतनमान II में हैं तथा उन्हें उप-विनियम (1) (ख) के अनुसार अगले उच्चतर वेतनमान में अतिरिक्त वेतनवृद्धियां मंजूर की गई हैं, ऐसे उच्चतर वेतनमान में अधिकतम पर पहुंचने के, यथास्थिति, एक/दो वर्ष पश्चात् व्यावसायिक अर्हता भुगतान प्राप्त करेंगे।

टिप्पणी :

(i) यदि किसी ऐसे अधिकारी को जिसे व्यावसायिक अर्हता भुगतान मिल रहा है, अगले उच्चतर वेतनमान में पदोन्नत किया जाता है तो ऐसे उच्चतर वेतनमान में उसका वेतन निर्धारित करते समय उसे वेतनमान में उपलब्ध वेतनवृद्धियों की सीमा तक जे.ए.आई.आई.बी/सी.ए.आई.आई.बी. की परीक्षा उत्तीर्ण करने पर अतिरिक्त वेतनवृद्धियां दी जाएंगी और यदि वेतनमान में कोई वेतनवृद्धियां उपलब्ध नहीं हैं तो अधिकारी वेतनवृद्धि(यों) के एवज में व्यावसायिक अर्हता भुगतान पाने का पात्र होगा।

(ii) 01.11.1994 को तथा उसके बाद से, यथास्थिति, व्यावसायिक अर्हता भत्ते या व्यावसायिक अर्हता भुगतान को महंगाई भत्ता, मकान किराया भत्ता तथा अधिवर्षिता लाभों के लिए गिना जाएगा।

(3) (क) जो अधिकारी 01.11.1993 को बैंक की स्थायी सेवा में हैं उन्हें वेतनमान में एक अग्रिम वेतनवृद्धि दी जाएगी। जो अधिकारी 01.11.1993 को परिवीक्षा पर हैं उन्हें एक अग्रिम वेतनवृद्धि स्थायीकरण के एक वर्ष पश्चात् दी जाएगी।

टिप्पणी :

अग्रिम वेतनवृद्धि के कारण वार्षिक वेतनवृद्धि की तारीख में कोई परिवर्तन नहीं होगा।

(ख) जो अधिकारी वेतनमान के अधिकतम पर पहुंच चुका है या जो 01.11.1993 को अवरोध वेतनवृद्धि(यां) प्राप्त कर चुका है, वह 01.11.1993 से नियत वैयक्तिक भत्ता प्राप्त कर सकेगा जो अंतिम आहरित वेतनवृद्धि और उस पर 01.11.1993 को देय महंगाई भत्ता, तथा विनियम 22 के अनुसार लागू दरों पर मकान किराया भत्ते की मात्रा के बराबर होगा। यहां नीचे दिया गया नियत वैयक्तिक भत्ता तथा साथ ही साथ महंगाई भत्ता, यदि कोई हो, संपूर्ण अवधि के लिए अवरुद्ध कर दिया जाएगा।

वेतनवृद्धि घटक	01.11.1993 को महंगाई भत्ता	जहां बैंक का आवास उपलब्ध कराया गया है वहां देय कुल नियत वैयक्तिक भत्ता
(क) रु.	(ख) रु.	(ग) रु.
230	5.79	236
250	6.30	257
300	7.56	308
400	10.06	411

(ग) 1 नवम्बर, 1999 को और उसके बाद से, अन्य बातें समान होने पर, नियत वैयक्तिक वेतन, मकान किराया भत्ता, यदि कोई हो, सहित निम्नानुसार दिया जाएगा :-

वेतनवृद्धि घटक	01.11.1997 को महंगाई भत्ता	जहां बैंक का आवास उपलब्ध कराया गया है वहां देय कुल नियत वैयक्तिक भत्ता
(क) रु.	(ख) रु.	(ग) रु.
340	4.28	345
380	4.78	385
420	5.29	426
600	7.56	608

टिप्पणी :

(i) खंड (ख) और (ग) में कॉलम (ग) के अंतर्गत निर्दिष्ट नियत वैयक्तिक भत्ता/नियत वैयक्तिक भुगतान उन अधिकारी कर्मचारियों को देय होगा जिन्हें बैंक का आवास उपलब्ध कराया गया है।

(ii) मकान किराया भत्ते के लिए पात्र अधिकारियों को नियत वैयक्तिक भत्ता/नियत वैयक्तिक भुगतान विनियम 4 के उप-विनियम (2) और (3) में विनिर्दिष्टानुसार सम्बंधित वेतनमान की अंतिम वेतनवृद्धि प्राप्त कर लेने पर, (अ) + (आ) + सम्बद्ध अधिकारी कर्मचारियों द्वारा आहरित मकान किराया भत्ता होगा।

(iii) 1 नवम्बर, 1999 को या उसके बाद से, नियत वैयक्तिक भुगतान देने के कारण उप-विनियम (2) के अधीन स्पष्टीकरण के अनुसार व्यावसायिक अर्हता भुगतान करने की अनुसूची में कोई परिवर्तन नहीं होगा।

परंतु, जहां व्यावसायिक अर्हता भुगतान भी कोई किस्त, जो पूर्व के प्रावधानों के कारण एक वर्ष तक बकाया दी गई थी और 1 नवम्बर, 1999 को या उसके बाद जारी की जाने वाली है, अधिकारी को इस तारीख को या से दी जाएगी और व्यावसायिक अर्हता भुगतान, यदि कोई हो, की दूसरी किस्त 1 नवम्बर, 2000 को दी जाएगी।

(iv) नियत वैयक्तिक भत्ते/नियत वैयक्तिक भुगतान के वेतनवृद्धि घटक को अधिवर्षिता लाभ के लिए गिना जाएगा।

(घ) जिस अधिकारी को उपर्युक्त (क) के अनुसार वेतनवृद्धि मिल चुकी है उसे ऊपर (ख) या (ग) में उल्लिखित नियत वैयक्तिक भत्ते/नियत वैयक्तिक भुगतान की प्रमात्रा, वेतनमान के अधिकतम पर पहुंचने के एक वर्ष पश्चात् प्राप्त होगी।

(iii) विनियम 21 में, उप-विनियम (2) के पश्चात्, निम्नलिखित उप-विनियम जोड़ा जाएगा, अर्थात् -

"(3) 01.04.1998 को तथा उसके बाद से, महंगाई भत्ता योजना इस प्रकार होगी -

(क) महंगाई भत्ता अखिल भारतीय औसत श्रमिक वर्ग उपभोक्ता मूल्य सूचकांक सामान्य आधार 1960=100 की तिमाही औसत में 1684 अंकों के ऊपर 4 अंकों की प्रत्येक वृद्धि अथवा गिरावट के हिसाब से संदेय होगा।

(ख) महंगाई भत्ता निम्नलिखित दरों पर संदेय होगा :

(I) रु.7100/- तक 'वेतन' का 0.24% तथा (+)

(II) रु.7100/- से अधिक परंतु रु.11300/- तक 'वेतन' का 0.20% तथा (+),

(III) रु.11300/- से अधिक परंतु रु.12025/- तक 'वेतन' का 0.12% तथा (+),

(iv) रु.12025/- से ऊपर 'वेतन' का 0.06%.

टिप्पणी :

(अ) महंगाई भत्ते के प्रयोजन हेतु 'वेतन' से मूल वेतन तथा अवरोध वेतनवृद्धियां अभिप्रेत हैं।

(आ) विनियम 5 के उप-विनियम (2) के स्पष्टीकरण (ग) और (घ) में निर्दिष्टानुसार, व्यावसायिक अर्हता भत्ते/व्यावसायिक अर्हता भुगतान को महंगाई भत्ते के लिए गिना जाएगा।",

(iv) विनियम 22 के लिए, निम्नलिखित विनियम प्रतिस्थापित किया जाएगा अर्थात् :

"22 मकान किराया भत्ता -

"(क) 01.11.1994 को या उसके बाद से, यदि किसी अधिकारी को सैक द्वारा आवासीय सुविधा प्रदान की जाती है तो उससे वह जिस वेतनमान में है उसके प्रथम प्रक्रम में मूल वेतन के 4% के

बराबर रकम या आवास हेतु मानक किराया, जो भी कम हो, वसूल किया जाएगा।

(ख) 01.11.1992 को या उसके बाद से, यदि किसी अधिकारी को बैंक द्वारा आवासीय सुविधा प्रदान नहीं की जाती है तो वह निम्नलिखित दरों पर मकान किराया भत्ता पाने का पात्र होगा :

	स्तंभ I	स्तंभ II
	कार्यस्थल निम्नलिखित स्थानों पर होने पर	देय मकान किराया भत्ता
(i)	सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसार समय-समय पर विनिर्दिष्ट प्रमुख 'ए' वर्ग के नगर तथा समूह 'ए' के परियोजना क्षेत्र केन्द्र	वेतन का 13% प्रतिमाह
(ii)	क्षेत्र I में अन्य स्थान तथा समूह 'बी' के परियोजना क्षेत्र केन्द्र	वेतन का 12% प्रतिमाह
(iii)	क्षेत्र II तथा उपर्युक्त (i) और (ii) के अंतर्गत न आने वाले राज्यों तथा संघशासित क्षेत्रों की राजधानियां	वेतन का 10.5% प्रतिमाह
(iv)	क्षेत्र III	वेतन का 9.5% प्रतिमाह

परंतु, यदि कोई अधिकारी किराये की रसीद प्रस्तुत करता है तो उसे देय मकान किराया भत्ता, जिस वेतनमान में वह है उसके प्रथम प्रक्रम के 4% से ऊपर, उसके द्वारा अपने आवास के लिए दिया गया वास्तविक किराया या ऊपर स्तंभ II के अनुसार देय मकान किराया भत्ते का 150%, जो भी कम हो, होगा।

(2)(क) 1 नवम्बर, 1999 को और उसके बाद से, यदि किसी अधिकारी को बैंक द्वारा आवासीय सुविधा प्रदान की जाती है तो उससे वह जिस वेतनमान में है उससे प्रथम प्रक्रम में मूल वेतन के 2.5% के बराबर रकम या आवास हेतु मानक किराया, जो भी कम हो, वसूल किया जाएगा।

(ख) 01.11.1999 को और उसके बाद से, यदि किसी अधिकारी को बैंक द्वारा आवासीय सुविधा प्रदान नहीं की जाती है तो वह निम्नलिखित दरों पर मकान किराया भत्ता पाने का पात्र होगा।

	स्तंभ I	स्तंभ II
	कार्यस्थल निम्नलिखित स्थानों पर होने पर	**देय मकान किराया भत्ता**
(i)	सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसार समय-समय पर विनिर्दिष्ट प्रमुख 'ए' वर्ग के नगर तथा समूह 'ए' के परियोजना क्षेत्र केन्द्र	वेतन का 9% प्रतिमाह
(ii)	क्षेत्र I के स्थान तथा समूह 'बी' के परियोजना क्षेत्र केन्द्र	वेतन का 8% प्रतिमाह
(iii)	क्षेत्र II अर्थात् उपर्युक्त (i) और (ii) के अंतर्गत न आने वाले सभी स्थान	वेतन का 7% प्रतिमाह

परंतु, यदि कोई अधिकारी किराये की रसीद प्रस्तुत करता है तो उसे देय मकान किराया भत्ता, जिस वेतनमान में वह है उसके प्रथम प्रक्रम के 2.5% से ऊपर, उसके द्वारा अपने आवास के लिए दिया गया वास्तविक किराया या ऊपर स्तंभ II के अनुसार देय मकान किराया भत्ते का 150%, जो भी कम हो देय होगा।

टिप्पणी :

(i) मकान किराया भत्ते के प्रयोजन हेतु 'वेतन' तथा अवरोध वेतनवृद्धियां अभिप्रेत हैं।

(ii) मकान किराया भत्ते के प्रयोजन हेतु, यथास्थिति, व्यावसायिक अर्हता भत्ते या व्यावसायिक अर्हता भुगतान को 01.11.1994 से प्रभावी गिना जाएगा।

(3) यदि कोई अधिकारी अपने ही मकान में रहता है तो उसे उप-विनियम (1) (ख) और (2) (ख) में उल्लिखित परंतुक के आधार पर इस प्रकार मकान किराया भत्ता मिलेगा मानो वह नीचे 'अ' अथवा 'आ' में से उच्चतर के बारहवें भाग के बराबर मासिक किराया दे रहा हो।

'अ'

निम्नलिखित का योग :

(i) निवास स्थान के लिए देय नगरपालिका कर, और

(ii) भूमि की लागत सहित निवास स्थान की पूंजीगत लागत का 12% और यदि निवास स्थान किसी भवन का भाग है तो उतने भाग की भूमि के आनुपातिक हिस्से की पूंजीगत लागत, किंतु इसके अंतर्गत यातानुकूल जैसे विशेष जुड़नार शामिल नहीं होंगे; या

'आ'

निवास स्थान के लिए नगरपालिका कर निर्धारण हेतु आंका गया वार्षिक किराया मूल्य।

स्पष्टीकरण

(1) इस विनियम के प्रयोजन हेतु 'मानक किराया' से अभिप्रेत है :

(क) बैंक के स्वामित्व वाले निवास स्थानों के मामले में सरकार में ऐसे निवास स्थानों के संबंध में प्रचलित पद्धति के अनुसार आंका गया मानक किराया,

(ख) जहां आवास बैंक द्वारा किराए पर लिया गया हो, बैंक द्वारा देय संविदागत किराया अथवा उपर्युक्त (क) में बताई गई कार्यविधि के अनुसार परिकलित किराया, इनमें से जो भी कम हो।

(2) इस विनियम में, उप-विनियम (1) के प्रयोजन हेतु, क्षेत्र I , क्षेत्र II और क्षेत्र III से अभिप्राय है :

क्षेत्र I - 12 लाख से अधिक जनसंख्या वाले स्थान

क्षेत्र II - ऊपर क्षेत्र I के अलावा अन्य सभी शहर जिनकी जनसंख्या 1 लाख और उससे अधिक है

क्षेत्र III - क्षेत्र I और क्षेत्र II में शामिल न किये गये अन्य सभी स्थान।

(3) इस विनियम और विनियम 23 के उप-विनियम (2) के प्रयोजन हेतु, क्षेत्र I और क्षेत्र II से निम्न अभिप्राय है:-

क्षेत्र I - 12 लाख से अधिक जनसंख्या वाले स्थान।

क्षेत्र I - वे सभी स्थान जो क्षेत्र I में शामिल नहीं किए गए हैं;"

(v) विनियम 23 में,

(क) खंड (i) के लिए, निम्नलिखित खंड प्रतिस्थापित किया जाएगा, अर्थात्:-

"(i) 01.11.1999 को और उसके बाद से, यदि अधिकारी निम्नलिखित सारणी के स्तंभ I में उल्लिखित किसी स्थान में कार्यरत हो तो वह उस स्थान के सामने स्तंभ 2 में उल्लिखित दर पर नगर प्रतिकर भत्ता पाने का पात्र होगा :

स्थान 1		दर 2
(क)	क्षेत्र I के स्थान और गोवा राज्य	मूल वेतन का 4% अधिकतम रु.375/- प्रतिमाह
(ख)	5 लाख या उससे अधिक जनसंख्या वाले स्थान और राज्यों की राजधानियां तथा चंडीगढ़, पांडिचेरी और पोर्टब्लेयर जो ऊपर (क) में नहीं आते।	मूल वेतन का 3% अधिकतम रु.250/- प्रतिमाह

(ख) खंड (v) और (vi) के लिए, निम्नलिखित खंड प्रतिस्थापित किए जाएंगे, अर्थात्:-

"(v) 01.11.1999 को उसके बाद से, यदि किसी अधिकारी को बैंक से बाहर सेवा के लिए प्रतिनियुक्त किया जाता है तो वह प्रतिनियुक्ति के पद पर देय उन सभी परिलब्धियों को प्राप्त करने के लिए अपना विकल्प दे सकता है। विकल्पतः, वह अपने वेतन के अतिरिक्त 7.75%, अधिकतम रु.1000/- प्रतिमाह प्रतिनियुक्ति भत्ता और ऐसे अन्य भत्ते ले सकता है जो उसे उसी स्थान पर बैंक की सेवा में तैनात होने की स्थिति में मिलते।

परंतु, यदि उसे उसकी प्रतिनियुक्ति से पूर्व उसकी तैनाती के स्थान पर ही स्थित किसी संगठन में प्रतिनियुक्त किया जाता है तो उसे उसके वेतन का 4%, अधिकतम रु.500/-, प्रतिनियुक्ति भत्ता मिलेगा।

परंतु यह भी कि जिस अधिकारी को बैंक के प्रशिक्षण संस्थान में संकाय सदस्य के रूप में, प्रतिनियुक्त किया जाता है, उसे उसके वेतन का 4%, अधिकतम रु.500/-, प्रतिनियुक्ति भत्ता मिलेगा।

(vi) 01.11.1999 को और उसके बाद से, यदि अधिकारी से कम से कम 7 दिन लगातार या किसी कैलेण्डर महीने के दौरान कुल सात दिन किसी उच्चतर श्रेणी में किसी पद पर स्थानापन्न रूप में कार्य लिया जाता है तो उसे स्थानापन्न रूप में कार्य करने की अवधि के लिए, यथानुपात, उसके वेतन का 6% स्थानापन्न भत्ता मिलेगा। स्थानापन्न भत्ते को भविष्य निधि/पेंशन के लिए हिसाब में लिया जाएगा किंतु अन्य प्रयोजनों के लिए नहीं।

परंतु, यदि कोई अधिकारी विनियम 6 के अधीन पदों के प्रवर्गीकरण के मात्र पुनरीक्षण के परिणामस्वरूप उच्चतर वेतनमान में स्थानापन्न रूप में कार्य करता है तो उसे प्रवर्गीकरण के पुनरीक्षण के प्रभावी होने की तारीख से एक वर्ष की अवधि के लिए स्थानापन्न भत्ता नहीं मिलेगा।

(ग) खंड (x) के लिए, निम्नलिखित खंड प्रतिस्थापित किया जाएगा, अर्थात्:-

"(x) 01.11.1999 को और उसके बाद से, यदि अधिकारी नीचे दी गई सारणी के स्तंभ 1 में उल्लिखित किसी स्थान पर सेवा कर रहा हो तो उसे स्तंभ 2 में उल्लिखित दर पर पर्वत तथा ईंधन भत्ता दिया जाएगा :

स्थान 1		दर 2
(1)	1000 मीटर और उससे अधिक परंतु 1500 मीटर से कम ऊंचाई वाले स्थान और मडिकेरी नगर	वेतन का 2% अधिकतम रु.220/-
(2)	1500 मीटर और उससे अधिक परंतु 3000 मीटर से कम ऊंचाई वाले स्थान	वेतन का 2.5% अधिकतम रु.260/-
(3)	3000 मीटर और उससे अधिक ऊंचाई वाले स्थान	वेतन का 5% अधिकतम रु.750/-

टिप्पणी :

(क) कम से कम 750 मीटर ऊंचाई पर स्थित स्थान जो उससे अधिक ऊंचाई वाले पर्वतों से घिरे हुए हों और जिन तक पहुंचने के लिए 1000 मीटर या उससे अधिक ऊंचाई पार करनी पड़ती हो, पर तैनात अधिकारियों को 1000 मीटर और उससे अधिक ऊंचाई वाले केन्द्रों के लिए देय दर पर पर्वत तथा ईंधन भत्ता दिया जाएगा।

(ख) उक्त वर्गीकरण के अंतर्गत न आने वाले किसी भी केन्द्र में फिलहाल दिए जाने वाले पर्वत और ईंधन भत्ते समाप्त कर दिए जाएंगे।

परंतु, जो अधिकारी 1 मई, 1989 के पूर्व ऐसे केन्द्र पर तैनात था और उस तारीख के बाद भी उसी केन्द्र पर तैनात रहता है उसे 30 अप्रैल, 1989 को मिल रहे भत्ते की प्रमात्रा संरक्षित की जाएगी और उसी वेतनमान में उस केन्द्र में उसके तैनात रहने तक प्रतिमाह अदा की जाएगी।

(vi) विनियम 24 में, उप विनियम (1) में -

(अ) खंड (क) के लिए, निम्नलिखित खंड प्रतिस्थापित किया जाएगा, अर्थात्:

"क **चिकित्सा व्यय:-** 01.11.1999 को और उसके बाद से, अधिकारी द्वारा अपने और अपने परिवार के लिए किए गए चिकित्सा व्यय की प्रतिपूर्ति नीचे स्तंभ 1 में विनिर्दिष्ट श्रेणी तथा स्तंभ 2 में विनिर्दिष्ट प्रतिपूर्ति सीमा के अध्यधीन की जाएगी। इसके लिए अधिकारी को अपनी ओर से ही प्रमाणपत्र देना होगा कि उसने यह व्यय किया है और दावा की गई राशि के समर्थन में उसे खर्च का विवरण देना होगा :

सारणी	
श्रेणी 1.	प्रतिपूर्ति सीमा प्रतिवर्ष 2.
कनिष्ठ प्रबंधन तथा मध्य प्रबंधन श्रेणी	रु.2225/-
वरिष्ठ प्रबंधन तथा शीर्ष कार्यपालक श्रेणी	रु.3000/-"

(आ) टिप्पणी (ii) के लिए निम्नलिखित टिप्पणी प्रतिस्थापित की जाएगी, अर्थात् :

"(ii) चिकित्सा सहायता योजना के अधीन वर्ष 1999 के लिए चिकित्सा व्यय की प्रतिपूर्ति दो महीने, अर्थात् नवम्बर और दिसम्बर, 1999 के लिए यथानुपात बकाई जाएगी।

(इ) खंड (ख) में, पैराग्राफ (iii) के बाद, निम्नलिखित पैराग्राफ जोड़ा जाएगा, अर्थात:-

(iv) 1, नवम्बर, 1999 को और उसके बाद से, उपर्युक्त पैराग्राफ (iii) में उल्लिखित बीमारियों के अलावा, निम्नलिखित बीमारियां भी घरेलू इलाज हेतु पात्र होंगी। अन्य शर्तों में कोई परिवर्तन नहीं है:-

हेपेटाइटिस-बी, हीमोफीलिया और माइस्थेनियाग्रेविस।";

(vii) विनियम 25 के लिए, निम्नलिखित विनियम प्रतिस्थापित किया जाएगा, अर्थात्:-

"25 आवास व्यवस्था

(1) अधिकारी बैंक द्वारा आवास उपलब्ध कराये जाने के लिए साधिकार हकदार नहीं होगा।

(2) किंतु, यदि बैंक चाहे तो वह अधिकारी को आवास उपलब्ध करा सकता है जिसके लिए अधिकारी 01.11.1999 को और उसके बाद से, अपने वेतनमान के प्रथम प्रक्रम के 2.5% के बराबर राशि या आवास के लिए मानक किराये का, जो भी कम हो, भुगतान करेगा।

परंतु, जहां ऐसे आवास पर फर्नीचर उपलब्ध कराया जाता है, वहां बैंक द्वारा अधिकारी से उसके वेतनमान, जिसमें वह रखा गया है, के प्रथम प्रक्रम के 0.5% के बराबर अतिरिक्त राशि वसूल की जाएगी।

परंतु, जहां बैंक द्वारा ऐसी आवास व्यवस्था उपलब्ध कराई जाती है वहां बिजली, पानी, गैस और सफाई प्रभार अधिकारी द्वारा वहन किए जाएंगे।

(viii) विनियम 35 में, निम्नलिखित परंतुक जोड़ा जाएगा, अर्थात् :

"परंतु, यदि बीमारी की अतिरिक्त छुट्टी 29 जून, 1999 को या उसके पश्चात् ली जाती है तो बीमारी की अतिरिक्त छुट्टी के संराशीकरण की अनुमति विनियम 34 के उप-विनियम (2) के अनुसार दी जाएगी।

(ix) विनियम 36 के लिए, निम्नलिखित विनियम प्रतिस्थापित किया जाएगा, अर्थात्:-

"36 प्रसूति छूट्टी

(1) 1 अप्रैल, 2000 को या उसके बाद से, प्रसूति छुट्टी के रूप में; एक बार में 6 महीने तक की छुट्टी मंजूर की जा सकती है जिसके अंतर्गत प्रसूति के बाद की अवधि या गर्भस्राव या गर्भपात या गर्भावस्था की चिकित्सीय समाप्ति के समय की छुट्टी भी शामिल है :

परंतु, ऐसी छुट्टी अधिकारी की संपूर्ण सेवा अवधि के दौरान अधिक से अधिक 12 महीने की होगी।

(2) निःसंतान महिला कर्मचारी को सेवाकाल के दौरान एक बार, एक वर्ष से कम उम्र के बच्चे को, एक वर्ष का होने तक, कानूनी रूप से गोद लेने के लिए भी छुट्टी मंजूर की जा सकती है जो निम्नलिखित निबंधनों एवं शर्तों के अधीन अधिकतम दो महीने की होगी :

(i) छुट्टी केवल एक बच्चे को गोद लेने के लिए मंजूर की जाएगी;

(ii) बच्चे को उचित कानूनी प्रक्रिया के जरिए गोद लिया जाना चाहिए और कर्मचारी को ऐसी छुट्टी मंजूर करने के लिए बैंक को दत्तक विलेख प्रस्तुत करना होगा।"

(x) विनियम 41 में, उप-विनियम (4) के लिए, निम्नलिखित प्रतिस्थापित किया जाएगा, अर्थात् :-

(4)(क) विराम भत्ता

01.06.2001 को और उसके बाद से, नीचे दी गई सारणी के स्तंभ 1 में वर्णित श्रेणी/वेतनमान का अधिकारी स्तंभ 2 में वर्णित तदनुरूपी दरों से प्रतिदिन विराम भत्ता पाने का हकदार होगा :

अधिकारियों की श्रेणी/वेतनमान	मनुरूप 'ए' वर्ग के नगर	क्षेत्र I	अन्य स्थान
वेतनमान IV और उससे ऊपर के अधिकारी	रु. 275.00	रु. 220.00	रु. 190.00
वेतनमान I/II/III के अधिकारी	220.00	190.00	165.00

परंतु, यदि अनुपस्थिति की कुल अवधि 8 घंटे से कम, किंतु 4 घंटे से अधिक है तो ऊपर बताई गई दरों की आधी दर से विराम भत्ता देय होगा।

स्पष्टीकरण

विराम भत्ते की संगणना के लिए 'प्रतिदिन' का अभिप्राय है 24 घंटे की अवधि या उसके बाद का कोई भी भाग, जिसकी गणना विमान यात्रा के मामले में रिपोर्ट करने के समय तथा अन्य मामलों में प्रस्थान के लिए नियत समय से लेकर पहुंचने के वास्तविक समय तक की जाएगी। यदि अनुपस्थिति की कुल अवधि 24 घंटे से कम है तो 'प्रतिदिन' से ऐसी अवधि अभिप्रेत है जो 8 घंटे से कम न हो।

(ख) खान-पान खर्च

नीचे दी गई सारणी के स्तंभ 1 में वर्णित श्रेणी/वेतनमान के अधिकारी को होटल के वास्तविक खर्च की प्रतिपूर्ति की जाएगी जो नीचे स्तंभ 2 में वर्णित तदनुरूपी स्टार श्रेणी के भारतीय पर्यटन विकास निगम (आइटीडीसी) होटलों में एकल आवास कमरे के प्रभारों तक सीमित होगी:

अधिकारियों की श्रेणी/वेतनमान 1	ठहरने की पात्रता 2
वेतनमान VI और VII	4* होटल
वेतनमान IV और V	3* होटल
वेतनमान II और III	2* होटल (अवातानुकूलित)
वेतनमान I	1* होटल (अवातानुकूलित)

सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसार उपर्युक्त निर्धारित सीमाओं से अधिक अतिरिक्त सीमा की प्रतिपूर्ति बोर्ड निर्धारित कर सकता है।

(ग) आवास खर्च

अधिकारी उपर्युक्त उप-विनियम 4 (क) में वर्णित दरों से दैनिक आवास खर्च का पात्र होगा।

(घ) यदि आवास की व्यवस्था बैंक की लागत पर या बैंक द्वारा की गयी है तो तीन चौथाई विराम भत्ता दिया जाएगा।

(ङ) यदि भोजन की व्यवस्था बैंक की लागत पर या बैंक द्वारा निशुल्क की गई है तो आधा विराम भत्ता दिया जाएगा।

(च) यदि आवास और भोजन की व्यवस्था बैंक की लागत पर या बैंक द्वारा की गई है तो चौथाई विराम भत्ता दिया जाएगा। लेकिन, यदि कोई अधिकारी वास्तविक रूप में हुए खर्च के संबंध में बिल प्रस्तुत किए बिना, घोषणा के आधार पर आवास खर्च का दावा करता है तो उसे चौथाई विराम भत्ता नहीं दिया जाएगा।

(छ) सभी निरीक्षण अधिकारियों को मुख्यालय से बाहर निरीक्षण ड्यूटी पर विराम के प्रतिदिन के लिए रु.10/- का अनुपूरक दैनिक भत्ता दिया जा सकता है।

(xi) विनियम 42 में, उप-विनियम (2) के लिए, निम्नलिखित प्रतिस्थापित किया जाएगा, अर्थात् :-

"(2) 01.04.1998 को और उसके बाद से, स्थानांतरित अधिकारी को मालगाड़ी से अपने सामान के परिवहन के लिए निम्नलिखित सीमाओं के अनुसार प्रतिपूर्ति की जाएगी :-

वेतन-सीमा	परिवार-सहित अधिकारी	परिवार-रहित अधिकारी
रु.7100/- से रु.9820 प्रतिमाह	3,000 किलोग्राम	1,500 किलोग्राम
रु.9820/- प्रतिमाह और उससे अधिक	पूरा माल डिब्बा	2,500 किलोग्राम

(xii) विनियम 46 में, उप-विनियम (2) में, दूसरे परंतुक के बाद, निम्नलिखित परंतुक जोड़ा जाएगा, अर्थात् :-

"परंतु जिस अधिकारी की सेवाएं 01.04.1998 से 31.10.1999 के दौरान समाप्त हो गई हैं उसके उपदान के प्रयोजन हेतु वेतन से तात्पर्य विनियम 4 के उप-विनियम (2) में उल्लिखित अनुसार वेतनमान से है।"

जी. प. चिटणीस

(जी पी चिटनीस)

उप महाप्रबंधक (कार्मिक)

पंजाब एण्ड सिंध बैंक
मुख्य कार्यालय
नई दिल्ली

नई दिल्ली, दिनांक 13 जून,2003

संख्याः पीएसबी(ओ) एसआर/2003. बैंककारी कंपनी (उपक्रमों के अर्जन और अंतरण) अधिनियम 1980 (1980 का 40) की धारा 12 की उपधारा (2) के साथ पठित धारा 19 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, पंजाब एण्ड सिंध बैंक का निदेशक मंडल, भारतीय रिजर्व बैंक के परामर्श और केन्द्रीय सरकार की पूर्व मंजूरी से पीएसबी(ओ) एसआर-1982 के विनियम 38 में एतद्द्वारा आगे संशोधन करने के लिए निम्नलिखित विनियम बनाता है, अर्थात:

1.संक्षिप्त शीर्षक एवं प्रारंभ

(1). ये विनियम पंजाब एण्ड सिंध बैंक अधिकारी सेवा (संशोधन) अधिनियम,2003 कहलाएंगे।

(2). ये विनियम सरकारी राजपत्र में प्रकाशन की तिथि से प्रभावी होंगे।

2.पंजाब एण्ड सिंध बैंक अधिकारी सेवा अधिनियम,1982 के विनियम 38 के दूसरे अनुच्छेद के बाद निम्नलिखित अनुच्छेद जोड़ा जाएगा, अर्थात:

"परन्तु जो अधिकारी दिनांक 01.04.2001 को या उसके बाद पीएसबी(ओ) एसआर-1982 के विनियमन-20 में उप-विनियमन(2) के अनुसार उचित नोटिस देकर सेवा से त्यागपत्र देते हैं, उन्हें सेवा समाप्ति की तिथि को उनके खाते में जमा सांधिकार छुट्टियों की आधी परन्तु अधिकतम 120 दिनों तक की परिलब्धियों के समान राशि का भुगतान किया जाए।"

(सरूप सिंह)
उप महाप्रबंधक (कार्मिक)

कर्मचारी राज्य बीमा निगम

नई दिल्ली, दिनांक 20 मई 2003

संख्या : यू-16/53/1/2002/गोवा/पी.टी.एम.आर./वि.शा.2:कर्मचारी राज्य बीमा (साधारण) विनियम, 1950 के विनियम-105 के तहत महानिदेशक को निगम की शक्तियां प्रदान करने के संबंध में कर्मचारी राज्य बीमा निगम के दिनांक 25 अप्रैल, 1951 को हुई बैठक में पास किए गए संकल्प के अनुसरण में तथा महानिदेशक के आदेश संख्या 1024(जी) दिनांक 23.5.1983 द्वारा ये शक्तियाँ आगे मुझे सौंपी जाने पर मैं इसके द्वारा गोवा प्रदेश व क्षेत्रीय उप चिकित्सा आयुक्त (पश्चिम जोन) द्वारा नियत किए गए क्षेत्रों के लिए बीमाकृत व्यक्तियों की स्वास्थ्य जाँच करने और मूल प्रमाण-पत्र की सत्यता संदिग्ध होने पर उन्हें आगे प्रमाण-पत्र जारी करने के प्रयोजन के लिए मौजूदा मानकों के अनुसार मासिक पारिश्रमिक पर चिकित्सा प्राधिकारी के रूप में कार्य करने के लिए डॉ. पी.वी.उसगांवकर की सेवाएँ कार्यभार ग्रहण करने की तिथि दिनांक 17.05.2003 से 16.05.2004 तक एक वर्ष के लिए या पूर्णकालिक चिकित्सा निर्देशी के कार्यग्रहण करने तक, जो भी पहले हो, बढ़ाती हूँ ।

सु० सिंह

(डा. (श्रीमती) सुभाष सिंह)
चिकित्सा आयुक्त

नई दिल्ली, दिनांक 29 मई 2003

इस कार्यालय की अधिसूचना संख्या यू-16/53/2001-चि.शाखा-2(केरल) दिनांक 7.2.2003 के अंतर्गत डॉ. एल.जे. मुलनथानम की सेवाएं रद्द करते हुये कर्मचारी राज्य बीमा (साधारण) विनियम, 1950 के विनियम-105 के तहत महानिदेशक को निगम की शक्तियाँ प्रदान करने के संबंध में कर्मचारी राज्य बीमा निगम की दिनांक 25 अप्रैल, 1951 को हुई बैठक के अनुसरण में तथा महानिदेशक के आदेश संख्या 1024(जी) दिनांक 23.5.1983 द्वारा ये शक्तियाँ आगे मुझे सौंपी जाने पर मैं निम्नलिखित तिथि तक एक वर्ष के लिए अथवा पूर्णकालिक चिकित्सा निर्देशी के कार्यग्रहण करने तक, जो भी पूर्व हो, को उप चिकित्सा आयुक्त (दक्षिण मण्डल) बंगलौर द्वारा निर्धारित क्षेत्र के लिए बीमाकृत व्यक्तियों की स्वास्थ्य परीक्षा करने तथा मूल प्रमाण-पत्र की सत्यता संदिग्ध होने पर उन्हें आगे प्रमाण-पत्र जारी करने के प्रयोजन के लिए चिकित्सा अधिकारी के रूप में कार्य करने के लिए प्राधिकृत करती हूँ।

क्र.सं.	डॉक्टर का नाम	अवधि	केन्द्र का नाम
	डा.एस.एल. नवीन	कार्यग्रहण करने की अवधि से एक वर्ष हेतु	अलेप्पी व कोट्टम

सु० सिंह

(डा. (श्रीमती) सुभाष सिंह)
चिकित्सा आयुक्त

भारतीय आयुर्विज्ञान परिषद्

1. सं. एम.सी.आई. नई दिल्ली.....2003

भारतीय आयुर्विज्ञान परिषद् अधिनियम्, 1956 (1956 का 102) की धारा 33 के साथ पठित धारा 20(क) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, भारतीय आयुर्विज्ञान परिषद् केन्द्रीय सरकार के पूर्व अनुमोदन से स्क्रीनिंग टेस्ट, विनियम 2002 में संशोधन करने के लिए एतद् द्वारा निम्नलिखित विनियम बनाती है, अर्थात:–

1. (क) ये विनियम स्क्रीनिंक टेस्ट (संशोधन) विनियम, 2003 कहे जायेगें।

(ख) ये शासकीय राजपत्र में इनके प्रकाशन की तिथि से लागू होगें।

2. स्क्रीनिंग टेस्ट विनियम, 2002 में, विनियम 10 के लिए निम्नलिखित विनियम प्रतिस्थपित किए जायेगें:–

"10 अभ्यर्थी को तीनों प्रश्न–पत्र एक ही प्रयास में उत्तीर्ण करने होंगे। फिर भी, इस परीक्षा को देने की संख्या में किसी तरह का कोई प्रतिबन्ध नहीं होगा।"

लेफ्टिनेन्ट कर्नल (डॉ.) ए.आर.एन. सेटलवद (रिटायर्ड)
सचिव

STATE BANK OF INDIA

ASSOCIATES & SUBSIDIARIES GROUP

Mumbai, the 17th June 2003

SBD. No 2/2003—It is hereby notified for general information that in pursuance of clause (c) of sub-section (1) of Section 25 of State Bank of India (Subsidiary Banks) Act, 1959, the State Bank of India has, in conultation with Govt. of India and Reserve Bank of India, nominated Shri S. Suryanarayana, H. No. I-11-212/3, Flat No. 102, Lane No. 2, Street No. 4, Gurumurthy Lane, Annapurna's Prabhath Kusum Complex, besides Prakash Nagar Telephone Exchange, Begumpet, Hyderabad-500016, as a Director on the Board of Directors of State Bank of Hyderabad for a period of three years with effect from 20th June 2003 to 19th June 2006 (both days inclusive) in place of Dr. Sushila Rao.

A. K. PURWAR
Chairman

SBD. No. 3/2003—It is hereby notified for general information that in pursuance of clause (c) of sub-section (1) of Section 25 of State Bank of India (Subsidiary Banks) Act, 1959, the State Bank of India has, in consultation with Govt. of India, and Reserve Bank of India nominated Dr. M. Mahadeva, Associate Professor, Institute of Social & Economic Change (ISEC), Bangalore-560072, as a Director on the Board of Directors of State Bank of Mysore for a period of three years with effect from 20th June 2003 to 19th June 2006 (both days inclusive) in place of Dr. K. P. Rama Prasanna.

A. K. PURWAR
Chairman

SBD. No. 4/2003—It is hereby notified for general information that in pursuance of clause (c) of sub-section (1) of Section 25 of State Bank of India (Subsidiary Banks) Act, 1959, the State Bank of India has, in consultation with Govt. of India and Reserve Bank of India, nominated Shri Nanu R. Mallya, No. 5, Sirur Park Road, 4th Cross, Malleswaram, Bangalore-560003, as a director on the Board of Directors of State Bank of Mysore for a period of three years with effect from 20th June 2003 to 19th June 2006 (both days inclusive) in place of Shri B. P. Rao.

A. K. PURWAR
Chairman

SBD.No. 5 / 2003

It is hereby notified for general information that in pursuance of clause (c) of sub-section (1) of Section 25 of State Bank of India (Subsidiary Banks) Act 1959, the State Bank of India has, in consultation with Govt. of India and Reserve Bank of India, nominated Shri V. Vinod Kamath, Flat No.A-1, Indradhanus Apartment, T.D. Road, Kochi - 682 035, as a director on the Board of Directors of State Bank of Travancore for a period of three years with effect from 20th June 2003 to 19th June 2006 (both days inclusive) in place of Shri A.S.N. Moorthy.

(A.K. PURWAR)
CHAIRMAN

SBD.No. 6 / 2003

It is hereby notified for general information that in pursuance of clause (c) of sub-section (1) of Section 25 of State Bank of India (Subsidiary Banks) Act 1959, the State Bank of India has, in consultation with Govt. of India and Reserve Bank of India, nominated Prof. V.N. Rajasekharan Pillai, Executive Director, National Assessment & Accreditation Council (NAAC), 2/4, Dr.Rajkumar Road, P.O. Box No. 1075, Rajaji Nagar, Bangalore - 560 010, as a director on the Board of Directors of State Bank of Travancore for a period of three years with effect from 20th June 2003 to 19th June 2006 (both days inclusive) in place of Shri V.K. Madhava Mohan.

(A.K. PURWAR)
CHAIRMAN

CENTRAL BANK OF INDIA
CENTRAL OFFICE
